क्वीन मैरी अस्पताल

लिवर ट्रांसप्लांट के बाद मरीज़ की देखभाल और लिवर ट्रांसप्लांट के बाद की जटिलताओं का परिचय

भाग **I**

संस्करण. : **10/2018**

लिवर ट्रांसप्लांट के बाद सामान्य जानकारी

1) इंटेंसिव केयर यूनिट में

लीवर ट्रांसप्लांट के 10 घंटे के ऑपरेशन के बाद, **आपको सूक्षम प्रबंधन के लिए इंटेंसिव केयर यूनिट (ICU) में स्थानांतरित किया जाएगा।** लीवर ट्रांसप्लांट टीम के डॉक्टर आपके इलाज का ध्यान रखना जारी रखेंगे।

ऑपरेशन के बाद पहले दो दिन सबसे नाजुक होते हैं। **आपको कुछ निगरानी उपकरण, ड्रेनेज, धमनी या नसों के कैथेटर, या वेंटीलेटर आदि के साथ जोड़ा जाएगा।** मेडिकल स्टाफ निगरानी उपकरण की मदद से आपकी स्थिति का निरीक्षण और मूल्यांकन करेगा। आम तौर पर, आप 2-3 दिन या इससे अधिक समय के लिए ICU में रहेंगे और आपकी निगरानी की जाएगी। जब आपकी हालत स्थिर हो जाती है, तो आपको आगे के प्रबंधन और निरीक्षण के लिए लीवर ट्रांसप्लांट सेंटर में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। डॉक्टर प्रतिदिन आपकी प्रगति की निगरानी करेंगे और आपके स्थानांतरण के बारे में फैसला करेंगे।

2) लिवर ट्रांसप्लांट केंद्र में जनरल वार्ड में वापिस जाना

वार्ड में रहने के दौरान, आपको मेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की सलाह और मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए। बेचैन और परेशान न हों।

लिवर ट्रांसप्लांट केंद्र

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

परिवार और दोस्तों का सहयोग और प्रोत्साहन

आपके ठीक होने में योगदान देगा।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

ऑपरेशन के बाद घाव के दर्द का इलाज

ऑपरेशन के बाद नस के जरिये दर्द नियंत्रण के लिए आपको पेशेंट कंट्रोल एनाल्जेसिया (PCA) दिया जाएगा। फिर डॉक्टर और एनेस्थेटिस्टस नियमित तौर पर मौखिक या अंदरूनी दवाइयाँ लिखेंगे। यदि आवश्यकता हो तो आप मेडिकल और नर्सिंग स्टाफ से दवाइयों की या अन्य जानकारी भी ले सकते हैं।

ऑपरेशन के बाद खून की जाँच

ट्रांसप्लांट के बाद, आपकी **प्रतिदिन खून की जाँच होगी। आपको नर्सिंग स्टाफ द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए और खून चढ़वाने के बाद FK506 या सिरोलिमस आदि लेना चाहिए।** डॉक्टर उसके अनुसार दवाई की खुराक को व्यवस्थित करके प्रतिदिन दवाई के स्तर को सही करेंगे और आपके ठीक होने की प्रगति का मूल्यांकन करेंगे।

ऑपरेशन के बाद की खुराक

ऑपरेशन के बाद, डॉक्टर आपको जरूरी पोषण प्राप्त करने के लिए जितनी जल्दी हो सके नियमित आहार फिर से शुरू करने की सलाह देंगे। जब आप पहली बार खुराक फिर से शुरू करते हैं, तो आपको भूख में कमी, मतली, पेट फूलना, या यहाँ तक कि उल्टियों का अनुभव होगा। यह शायद सर्जरी के बाद एनेस्थिसिया के बचे हुए प्रभावों और धीमे मल त्याग के कारण है।

आप कुछ दिनों में ठीक हो जायेंगे और आपकी भूख में धीरे-धीरे सुधार होगा। हम आपको नियमित भोजन के आकार को घटाने और नियमित भोजन के बीच खाने की सलाह देते हैं। बहुत ज्यादा ना खाएं और भोजन के पहले और बाद में बहुत ज्यादा तरल पदार्थ लेने से बचें। नर्स आपके लिए साफ़ आहार और

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

पीने वाले पानी का प्रबंध करेगी, चित्र 1 देखें, इसलिए परिवार को आपके लिए भोजन लाने की जरूरत नहीं है। आहार-विशेषज्ञ भी आपको देखेंगे और पोस्टऑपरेटिव ईटिंग प्लान तैयार करेंगे।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

चित्र 1: लीवर ट्रांसप्लांट के बाद स्वच्छ आहार और पानी

ऑपरेशन के बाद की देखभाल और व्यायाम

पर्याप्त पोषण प्राप्त करने और निर्धारित समय पर दवाइयाँ लेने के अलावा, ठीक होने के लिए हल्का व्यायाम आवश्यक है। सर्जरी के बाद पहले कुछ दिनों में, आपको बिस्तर से उठना चाहिए और रोजाना कम से कम 1-2 घंटे के लिए कुर्सी पर बैठना चाहिए। कृपया ज्यादा गहरे साँस लेने वाला व्यायाम करें क्योंकि यह आपके फेफड़ों को फैलने में मदद करता है और आपको बलगम को आसानी से निकालने में या अपने सेल्फ-फाइनेंसड ब्रीदिंग एक्सरसाइजर का उपयोग करने में सक्षम बनाता है (चित्र 2 देखें)।

चित्र 2: ब्रीदिंग एक्सरसाइजर

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

इसके अलावा, फिजियोथेरेपिस्ट आपको साईकिल चलाकर अपने पैरों का व्यायाम करना सिखाएगा, चित्र 3 देखें, ताकि आपके टांगों की माँसपेशियों को मजबूत किया जा सके, खून का संचार बढ़ाया जा सके, और पैरों की नस थ्रोमोबसिस जैसी जटिलताओं का खतरा घटाया जा सके। व्यायाम का स्तर, उदाहरण के लिए चलना, धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है।

चित्र 3: साइकल: अंगों के व्यायाम के लिए

आर्थिक कठिनाई

जरूरत पड़ने पर मेडिकल सोशल कर्मचारी सहायता प्रदान कर सकता है। कृपया हमारी वार्ड नर्स से संपर्क करें।

फुट ड्रॉप

यदि ऐसा होता है, तो पेशेवर थेरेपिस्ट पैरों की चाल को बनाये रखने और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के

चित्र 4: फुट स्पलिंट

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

लिए आपके लिए स्पलिंट की एक जोड़ी

तैयार करेंगे, देखें चित्र 4.

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

दैनिक स्वच्छता के लिए गाइड

1) व्यक्तिगत स्वच्छता

ऑपरेशन से पहले और बाद में व्यक्तिगत स्वच्छता जरूरी है। प्रतिदिन शावर या स्नान आपकी त्वचा को साफ़ रखता है और बैक्टीरिया की वृदि को रोकता है। यदि आपको चिंता है कि नहाने या शावर से घाव गिला हो जाएगा, तो हम आपको सलाह देते हैं कि आप अपने शरीर को गीले तौलिये से साफ़ करें और आपके परिवार या अस्पताल के स्वास्थ्य सहायकों की मदद से रोजाना अस्पताल में भर्ती होने के दौरान शरीर के संपर्क में आने वाले कपड़े बदलें। जब घाव ठीक हो जाता है और स्टेपल हटा दिए जाते हैं, आप सामान्य तरह से नहाने या शावर करने के योग्य होंगे। चीरे में गैप को सुखाना याद रखें और चीरे को सूखा और साफ़ रखें। अगर घाव में से रिसाव हो रहा है या आपको संक्रमण का संदेह है, तो कृपया तुरंत डॉक्टरों से संपर्क करें।

यदि आपको आपकी त्वचा खुश्क लगती है, तो आप हल्के नहाने वाले लोशन का उपयोग कर सकते हैं और नहाने या शॉवर के बाद नमी देने वाला लोशन लगा सकते हैं।

साथ ही, अपने घर को साफ़ रखना भी जरूरी है। कीड़ों को खत्म करने और संक्रमण को रोकने के लिए अपने घर को नियमित तौर पर (उदाहरण के लिए, हफ्ते में एक बार) साफ़ करें। इसके अलावा, आप अपने शौचालय और पानी के चैनलों को साफ़ करने के लिए 1:99 ब्लीच का उपयोग कर सकते हैं।

2) धूम्रपान और शराब पीना छोड़ दें

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

कृपया सिगरेट और शराब ना पिएं। धूम्रपान आपके फेफड़ों को नुकसान पहुँचाता है और आपको छाती के संक्रमण की संभावना रहती है।

शराब लीवर को और नुकसान पहुँचाती है। कृपया शराब पीना छोड़ दें।

3) भीड़ वाले सार्वजनिक स्थानों से बचें

लीवर ट्रांसप्लांट के बाद पहले 3 महीनों में, आपको भीड़ वाले सार्वजनिक स्थानों जैसे कि सिनेमाघरों, रेस्टोरेंट और डिपार्टमेंट स्टोर आदि में जाने से परहेज़ करना चाहिए। यदि इससे बचा नहीं जा सकता, तो कृपया सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनें और हाथों की सफाई रखें। हम आपके दोस्तों और रिश्तेदारों को मास्क पहनने का सुझाव देते हैं यदि वे लीवर ट्रांसप्लान्टेशन के बाद पहले 3 महीनों में आपसे मिलने आना चाहते हैं।

संक्रमण को रोकने के लिए जानवरों और पक्षियों के संपर्क से बचें।

4) व्यायाम और सामाजिक गतिविधि

आपके स्वस्थ होने की अवधि के दौरान या अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पहले कुछ हफ़्तों के दौरान, आप आसानी से थके हुए महसूस करेंगे। कृपया ज्यादा गहरे साँस लेने का व्यायाम करें और अधिक आराम करें। कभी-कभी आपको अपने सारे शरीर की माँसपेशियों और खास तौर पर टांगों की माँसपेशियों में कमजोरी महसूस होगी। यह सर्जरी के बाद व्यायाम की कमी और स्टेरॉयड के दुष्प्रभाव का परिणाम है।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

पैर की माँसपेशियों को मजबूत करने के लिए, आपको व्यायाम के स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाने की सलाह दी जाती है। एक्सरसाइज बाइक पर चलना, साइकिल चलाना और व्यायाम करना बढ़िया विकल्प हैं।

यदि आप व्यायाम के दौरान कोई बेआरामी महसूस करते हैं, जैसे साँस चढ़ना, चक्कर आना, छाती में दर्द, टैचीकारडिया या धडकन, कृपया अपना व्यायाम तुरंत बंद कर दें और आराम करें। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो आप अपने डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं।

व्यायाम आपकी माँसपेशी की ताकत में सुधार कर सकता है, कुछ दवाइयों के दुष्प्रभाव को घटा सकता है और कब्ज़ को रोक सकता है। हालांकि लिवर ट्रांसप्लान्टेशन के बाद पहले तीन महीनों में, आपको भार उठाने के काम और भारी व्यायाम से बचना चाहिए। असल में, आप जो भी करना चाहते हैं वो धीरे धीरे कर सकते हैं, जिसमें सिट-अप्स, पेट के व्यायाम और तैराकी शामिल हैं, जो पेट की माँसपेशियों को कसने में और आपके पेट को समतल करने में मदद करते हैं। हम आपको जल्द से जल्द स्कूल वापस जाने या काम करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, लेकिन ठीक होने के पहले 3 महीनों में, कृपया डॉक्टरों से सलाह लें और कोई फैसला लेने से पहले अपने स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में विचार करें।

यदि आप विदेश की यात्रा पर जाने की योजना बना रहे हैं, तो कृपया पहले अपने ट्रांसप्लांट टीम के डॉक्टरों से सलाह करें।

5) दाँतों की देखभाल

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

लीवर ट्रांसप्लान्टेशन के बाद, आपको मुँह की सफाई का ध्यान रखना चाहिए और आपके दाँतों को स्वस्थ रखना चाहिए। हमेशा अपने दाँतों को ब्रश करें और खाना खाने के बाद अपने मुँह से कुल्ला करें। यदि आप दाँत चिकित्सा देखभाल या दाँत चिकित्सा उपचार लेते हैं, तो कृपया दाँतों के डॉक्टर को बताएं कि आप एक लीवर ट्रांसप्लांट मरीज हैं और आप इम्युनोस्प्रेसेंट पर हैं।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

6) गर्भावस्था

महिला मरीजों के लिए, सर्जरी के बाद माहवारी अस्थाई तौर पर बंद हो सकती है, लेकिन अभी भी गर्भवती होने का मौका है। गर्भ निरोधक तरीकों का अभ्यास करना चाहिए। आपको गर्भधारण करने की कोशिश करने से पहले ट्रांसप्लांट होने के बाद कम से कम एक साल तक इंतजार करने की सलाह दी जाती है।

इम्युनोस्प्रेसेंट कुछ ख़ास किस्म की मौखिक गर्भ-निरोधक गोलियों के प्रभाव में हस्तक्षेप कर सकता है। यदि आप मौखिक गर्भ निरोधक गोलियाँ लेना चाहते हैं, तो कृपया अपने डॉक्टर से बात करें।

यदि आप बच्चे पैदा करने का फैसला लेते हैं, तो कृपया ट्रांसप्लांट टीम के डॉक्टरों के साथ अपनी योजना के बारे में चर्चा करें। हालांकि बहुत सारी महिलायें लीवर ट्रांसप्लान्टेशन के बाद माँ और बच्चे के लिए कम जोखिम के साथ बच्चे पैदा करने में सक्षम होती हैं, गर्भवती ट्रांसप्लांट करवाने वाली महिलाओं को ध्यान से फॉलो किये जाने की जरूरत होगी।

7) संक्रामक बीमारियों वाले मरीजों के संपर्क में आने से बचें

यदि आपके दोस्त या रिश्तेदार संक्रामक बीमारियों जैसे कि इन्फ्लूएंजा और निमोनिया, या ख़ास तौर पर संचार वाली बीमारियों जैसे कि चिकन-पॉक्स, दाद या हैपेटाइटिस से पीड़ित हैं, तो कृपया उनके साथ शारीरिक संपर्क से बचें। यदि वे घर के सदस्य हैं, तो उनको सामान्य सावधानी बरतनी चाहिए, उदाहरण के लिए, अलग टेबलवेयर और बर्तनों का उपयोग करना चाहिए, और खाँसते समय अपना मुँह ढकना चाहिए, आदि। साथ ही, आपके लिए मास्क पहनना और हाथों की बार-बार सफाई करना भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, आपके लिए अभी भी संक्रमित होना संभव है।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

यदि आप संक्रमित हैं, तो आपको ट्रांसप्लांट टीम के डॉक्टरों को सूचित करना चाहिए, जो आपको सलाह देंगे और जरूरी इलाज का प्रबंध करेंगे।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

लीवर ट्रांसप्लांट के बाद मुलाकातों का फॉलो-अप करने के लिए गाइड

अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद, आप लीवर ट्रांसप्लांट टीम द्वारा दी गई सलाह के अनुसार, जरूरी इलाज और देखभाल जारी रखने के लिए जिम्मेदार हैं। डिस्चार्ज होने के बाद, आप नियमित तौर पर फॉलो-अप के लिए 4/F, ब्लॉक एस, स्पेशलिस्ट क्लीनिक, क्वीन मैरी अस्पताल में लीवर ट्रांसप्लांट क्लिनिक में जायेंगे। **यदि आप अपने शरीर में स्पष्ट असामान्यता देखते हैं, तो कृपया अगले प्रबंधन के लिए लीवर ट्रांसप्लांट टीम को रिपोर्ट करें।**

1) लीवर ट्रांसप्लांट सेंटर हॉटलाइन

यदि आपको डिस्चार्ज के बाद कोई समस्या है, तो कृपया हॉटलाइन 2255 5800 पर कॉल करें (रिकॉर्ड फोन इनस्टॉल करें) (सोमवार से शुक्रवार) हम आपको ऑफिस के समय में वापस कॉल करेंगे।

नोटिस: यदि आप बेचैनी महसूस करते हैं, जैसे कि बुखार, उल्टी और दस्त, तो कृपया जल्द से जल्द चिकित्सा सहायता लें।

2) शेड्यूल के अनुसार फॉलो-अप के लिए वापस लौटें

आम तौर पर, डिस्चार्ज के बाद शुरूआती समय में फॉलो-अप मुलाक़ात ज्यादा बार होती हैं। आपको फॉलो-अप के लिए वापस आना जरूरी है, ताकि डॉक्टर आपको सुरक्षित और उपयुक्त चिकित्सा निर्देश दे सके।

रिजेक्शन और संक्रमण आम तौर पर लीवर ट्रांसप्लांट के मरीजों में देखा जाता है, इसलिए आपको खून की जाँच और मूल्यांकन से गुजरने की जरूरत होती है। कृपया फॉलो-अप मुलाक़ात वाले दिन

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

इम्युनोस्प्रेसेंट जैसे कि FK506 की आवश्यक खुराक साथ लाना याद रखें, और इसे आउट-पेशेंट क्लिनिक में खून देने के बाद लें। (S4OPD सेटिंग में दवाइयों का कोई वितरण नहीं)।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

मधुमेह के मरीजों के लिए: यदि कोई ख़ास निर्देश नहीं हैं, तो कृपया क्लिनिक जाने से पहले अपना नाश्ता और इंसुलिन का इंजेक्शन लगायें। यदि जरूरी हो, तो आपको डायबिटीज विशेषज्ञ के पास भेजने का प्रबंध किया जाएगा।

आपको अपनी दवाइयों और लीवर ट्रांसप्लांट टीम के डॉक्टरों द्वारा निर्धारित अपनी दवाइयों और खुराकों को स्पष्ट तौर पर रिकॉर्ड करना चाहिए। पर्याप्त दवाईयाँ रखें (अगली निर्धारित मुलाक़ात तक पर्याप्त मात्रा)। डॉक्टर के निर्देश या दवाइयों को बदलने का संकेत देने वाले फोन कॉल के बिना, कभी भी अपनी दवाइयाँ लेना ना तो बंद करें या ना ही बदलें।

3) फॉलो-अप

सामान्य तौर पर, फॉलो-अप वाले दिन खून की जाँच का नतीजा डॉक्टर से मुलाक़ात के समय नहीं दिया जा सकता। हालांकि, खून की जाँच के सारे नतीजे हमारे लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन द्वारा जाँचे जायेंगे, यदि दवाई या खुराक में कोई बदलाव होता है, तो हमारे लीवर ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर आपके साथ संपर्क करेंगे और उसके अनुसार आपको निर्देश देंगे। **इसलिए, यदि आप पता या टेलीफोन नंबर बदलते हैं, तो कृपया करके S4OPD काउन्टर पर जल्द से जल्द अपने रिकॉर्ड को अपडेट करें।**

********समाप्त********

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

भाग II

संस्करण : **10/2018**

संभावी जटिलताओं का परिचय

1. लीवर ट्रांसप्लांट के बाद रक्तस्राव

ट्रांसप्लान्टेशन के बाद पहले 48 घंटों में खून बहने का सबसे अधिक जोखिम होता है। ये पेट या जठर-आंत्र मार्ग में हो सकता है।

पेट के अंदर रक्तस्राव

कारण:

पेट के अंदर रक्तस्राव अक्सर कोएगुलोपैथी और पोर्टल हाइपरटेंशन और सर्जरी के दौरान मुश्किल हेमोस्टेसिस के कारण होता है। देर से रक्तस्राव गंभीर संक्रमण के परिणामस्वरूप हो सकता है जिससे संवहनी एनास्टोमोसिस में व्यवधान होता है।

उपचार:

1. रक्त उत्पाद देकर थक्के की समस्या को ठीक करें
2. ओपन सर्जरी द्वारा हेमोस्टेसिस।

जठर-आंत्र संबंधी रक्तस्राव

कारण:

ऑपरेशन के बाद तनाव अल्सर, जठरशोथ, ग्रहणीशोथ, बृहदांत्रशोथ या स्टेरॉयड की उच्च खुराक से उत्पन्न जठर-आंत्र संबंधी रक्तस्राव, आम तौर पर ट्रांसप्लांट के बाद पहले 3 महीनों में होता है।

उपचार:

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

1. एंटासिड को ऑपरेशन के बाद की अवधि के शुरूआती समय में निर्धारित किया जाएगा और मरीज को डॉक्टर के नुस्खे के अनुसार नियम का पालन करना चाहिए।
2. एंडोस्कोपिक हेमोस्टेसिस या सर्जरी
3. यदि बहुत अधिक रक्तस्राव हो रहा हो, तो एंजियोग्राम और एम्बोलिजेशन आवश्यक हैं।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

2. संवहनी स्टेनोसिस या थ्रोम्बोसिस

हेपेटिक धमनी स्टेनोसिस या थ्रोम्बोसिस

कारण:

एनास्टोमोसिस के बाद सर्जरी या तनाव के दौरान धमनी एनास्टोमोटिक तकनीक से संबंधित।

संकेत और लक्षण:

लिवर की कार्यप्रणाली में बदलाव, मानसिक स्थिति में बदलाव, हाइपोटेंशन, कोगुलोपैथी, बुखार, ठंड लगना, पीलिया और पेट में दर्द।

इलाज:

थ्रोम्बस का पता लगाने के लिए तत्काल CAT स्कैन या धमनी एंजियोग्राम। यदि थ्रोम्बस का पता चलता है या संदेह होता है:

1. निरीक्षण करने, थ्रोम्बस को हटाने और एनास्टोमोसिस के पुनर्निर्माण के लिए तत्काल ऑपरेशन।
2. एंटी-थ्रोम्बोलाइटिक एजेंट का आसव यदि संकेत दिया गया है
3. यदि इलाज विफल हो जाता है, तो दुबारा ट्रांसप्लान्टेशन की जरूरत होगी।

पोर्टल शिरा स्टेनोसिस या थ्रोमोबोसिस

कारण:

सर्जरी से पहले मौजूदा पोर्टल उच्च रक्तचाप या पोर्टल शिरा थ्रोम्बस के कारण हो सकता है।

संकेत और लक्षण:

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

अव्यवस्थित लीवर कार्य, थक्के के समय में देरी, बहुत ज्यादा सूजन, पोर्टल उच्च रक्तचाप के लक्षण और वेरिसिअल रक्तस्राव के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

इलाज:

1. शुरूआती पोस्ट-ऑपरेटिव अवधि में थ्रोम्बेक्टोमी और पोर्टल शिरा एनास्टोमोसिस का पुनःनिरीक्षण।
2. स्थिति को ठीक करने के लिए पोर्टल शिरा स्टेनोसिस की उपस्थिति में एंजियोग्राफी द्वारा पर्क्युटेनियस डाइलेशन की आवश्यकता हो सकती है।
3. यदि लीवर की कार्यक्षमता गंभीर रूप से प्रभावित होती है, तो फिर से ट्रांसप्लांटेशन का संकेत दिया जाता है।

संवहनी थ्रोम्बोसिस एक गंभीर जटिलता है। यह लीवर ग्राफ्ट फंक्शन को नुकसान पहुँचा सकता है। इसलिए शुरूआती पहचान बहुत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन प्रतिदिन हर पोस्ट ऑपरेटिव लीवर ट्रांसप्लांट के मरीजों के पेट का अल्ट्रासाउंड करेंगे, ताकि समस्या का जल्द पता चल सके। नीचे देखें चित्र 1.

फोटो 1: संवहनी अल्ट्रासाउंड मशीन

3. पित्त नली की सख्ती या रुकावट

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

कारण:

ट्रांसप्लान्टेशन के बाद पित्त नली का सख्त होना एक आम समस्या है। पित्त की नली एनास्टोमोसिस साइट स्ट्रिक्चर की सामान्य साइट है। जोखिम कारकों में वायरल संक्रमण, इस्केमिक चोट, ABO असंगति, लगातार रिजेक्शन और पित्त नली का संक्रमण शामिल है।

संकेत और लक्षण:

बुखार, ठंड, पीलिया, पेट दर्द और खुजली

इलाज:

1. एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड चोलेंगियो पैनक्रीएटोग्राफी द्वारा स्ट्रिक्चर का बैलून डायलेटेशन (ERCP).
2. पर्क्युटेनियस ट्रांसहेपेटिक बिलीरी ड्रेनेज(PTBD).
3. एनास्टोमोसिस स्ट्रिक्चर को सर्जरी के द्वारा ठीक किया जा सकता है।

4. पित्त का रिसाव

पित्त नली के एनास्टोमोसिस साइट या लीवर के काटने वाले तल से रिसाव

कारण:

तकनीकी कारक या हैपेटिक धमनी का थ्रोमबोसिस

संकेत और लक्षण:

बुखार, पेट फूलना और दर्द, पित्त की नली से पित्त का निकलना

इलाज:

1. एंटीबायोटिक दें।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

2. एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड चोलंगियो पैनक्रीएटोग्राफी (ERCP).
3. यदि एनास्टोमोसिस में रिसाव होता है, तो एनास्टोमोसिस को संशोधित करना पड़ सकता है।

5. संक्रमण:

कारण:

ट्रांसप्लांट किये मरीज को ऑपरेशन के बाद बैक्टीरिया, फंगल या वायरल संक्रमण का अनुभव हो सकता है। ग्राफ्ट के रिजेक्शन को रोकने के लिए दी गई इम्यूनोस्प्रैसेंट दवाइयाँ मरीज को संक्रमण के उच्च खतरे के लिए प्रेरित करती हैं। गंभीर संक्रमण से सेप्सिस, बहु-अंगों की विफलता हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप मौत हो सकती है।

संकेत और लक्षण::

बुखार (शरीर का तापमान 37.6°C या 100°F तक), ठंड लगना और बेचैनी, साँस लेने में तकलीफ, पेट में गंभीर दर्द या फुलावट, गंभीर उल्टी या दस्त।

इलाज:

1. व्यक्तिगत स्वच्छता जरूरी है।
2. संक्रामक बीमारी वाले मरीजों के संपर्क में आने से बचें।
3. रोगनिरोधी एंटी-इन्फेक्टिव दवाईयाँ इंट्रा-ऑपरेटिव और पोस्ट- ऑपरेटिव तौर पर दी जाती हैं।
4. यदि इन्फेक्शन के कोई संकेत और लक्षण हों तो डॉक्टर की सलाह लें।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

वर्तमान में, लीवर ट्रांसप्लांट टीम लीवर ट्रांसप्लांट के बाद 3 महीने तक एंटीबायोटिक, एंटी वायरल और एंटी फंगल दवाएँ लिखेगी। गुर्दे की कमजोरी वाले रोगी के लिए, हमारे डॉक्टर उन दवाओं को व्यक्तिगत तौर पर व्यवस्थित करेंगे।

लीवर ट्रांसप्लांट रिजेक्शन के बाद

कारण:

लीवर ट्रांसप्लांट के बाद, आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली आपके नए लीवर के रिजेक्शन होने का मुकाबला करने के लिए सक्रिय हो जाएगी। रिजेक्शन को रोकने के लिए इम्यूनोसप्रेसेंट दवाइयों की आवश्यकता होती है।

संकेत और लक्षण:

शुरूआत में रिजेक्शन के लिए, उनमें से अधिकांश में कोई संकेत और लक्षण नहीं होते हैं, लेकिन देर से रिजेक्शन के लिए हो सकते हैं:

1. आँख और त्वचा का पीला पड़ना
2. गहरे रंग का पेशाब
3. बुखार
4. लिवर वाले हिस्से में दर्द

इलाज:

1. रिजेक्शन को रोकने के लिए प्रतिरक्षादमनकारी जैसे टैक्रोलिम्स (FK506), माइकोफेनालेट मोफेटिल (MMF) आदि।
2. रोगी को डॉक्टर के परामर्श के अनुसार नियम का पालन करना चाहिए।

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

यदि नीचे लिखे लक्षण दिखाई देते हैं, तो कृपया जल्द से जल्द हमारे लीवर ट्रांसप्लांट केंद्र से संपर्क करें:

1. 24 घटों से अधिक समय तक दस्त
2. मतली या उल्टी जो आपको दवाइयाँ लेने से रोकती है

चिंता न करें। यदि आप हमारे शेड्यूल के अनुसार फॉलो-अप करते हैं, तो आपके रक्त के परिणाम जो फॉलो-अप वाले दिन लिए गए थे, हमारी टीम के डॉक्टरों द्वारा जाँचे जायेंगे। यदि कोई समस्या होती है तो हम आपसे संपर्क करेंगे।

********समाप्त********

Copyright © 2023 Hospital Authority. All rights reserved

क्वीन मैरी अस्पताल	पत्रक विषय और विभाग कोड
स्वामित्व	QMHISrgery-52
अंतिम समीक्षा/संशोधन	मई/2021
अनुमोदन	HKWC सूचना पत्रक कार्यकारी समूह
वितरण	AS प्राप्त अनुरोध